


दैनिक

# कीर्तिप्रभा

खबरों के सच का निर्भीक आइना

रीवा भोपाल से एक साथ

वर्ष: 28, अंक: 345 पृष्ठ 12, रीवा

रविवार 06 सितम्बर 2026

मूल्य: 3.00 रुपए




## सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में बनी अवैध मस्जिद ध्वस्त

### किराए पर चलाए जा रहे थे मस्जिद के कमरे



सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में प्रशासन ने एक मस्जिद पर बुलडोजर की कार्रवाई करते हुए उसे ध्वस्त कर दिया। मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर अपील को जिला न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद यह एक्शन लिया गया। इस दौरान मौके पर उप-जिलाधिकारी (एसडीएम) और नगर मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था, जिसने पूरी कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया। कलेक्ट्रेट जैसे अति संवेदनशील और गोपनीय कार्यों वाले परिसर में स्थित इस मस्जिद को हटाने की यह कार्रवाई जिला अदालत के स्पष्ट आदेशों के तहत की गई थी। किसी भी असामाजिक तत्व को अंदर आने से रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर कलेक्ट्रेट परिसर के सभी गेटों को बंद कर दिया गया था। मस्जिद को ध्वस्त करने के बाद भी, मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती जारी रखी गई है और आसपास के क्षेत्रों में भी कड़ी निगरानी रखी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 48 शिक्षको को किया सम्मानित

### -राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान- नवाचारी विधियों से बच्चों का भविष्य गढ़ रहे गुरु



नई दिल्ली,शिक्षक दिवस के शुभ मौके पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में देशभर के 48 स्कूल शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इन शिक्षकों ने अपनी अनूठी और रचनात्मक शिक्षण पद्धतियों से शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल स्थापित की है। केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, आदर्श जनजातीय स्कूल और पीएम श्री स्कूलों से चुने गए इन गुरुओं ने बच्चों की पढ़ाई को केवल आसान ही नहीं, बल्कि बेहद दिलचस्प और प्रेरणादायक भी बनाया है। इन सम्मान पाने वाले शिक्षको में महाराष्ट्र के वैभव वसंतराव कुलकर्णी का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिन्होंने गणित जैसे जटिल विषय को सरल बनाने के लिए 700 से अधिक वीडियो ट्यूटोरियल बनाए। वहीं, राजस्थान के दिव्येंदु सेन ने बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने का अनूठा तरीका अपनाया। उन्होंने 500 से अधिक पेड़ों पर क्यूआर कोड लगाकर उनकी जानकारी उपलब्ध कराई और छात्रों के साथ मिलकर 12 नए क्षुद्र ग्रहों की खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पंजाब के दिनेश कुमार ने वर्चुअल फिजिक्स लैब और 100 से ज्यादा कम लागत वाले मॉडल तैयार कर भौतिकी को बच्चों के लिए सुगम बनाया। इसी तरह, चंडीगढ़ के रवि जायसवाल ने स्कूल में 3डी गुंबद थिएटर और मौसम केंद्र स्थापित कर छात्रों को अंतरिक्ष और मौसम विज्ञान का अनुभव प्रदान किया। हिमाचल प्रदेश की मंजरी महाजन ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक मुक्त परिसर के महत्व से अवगत कराया।

शिक्षकों की इन विविध पहलों ने शिक्षा में नवाचार की भावना को बढ़ाया है। राजस्थान की डॉ.वर्तिका गुलाटी ने कोरोना महामारी के दौरान ऑनलाइन कक्षाओं के लिए गूगल मीट और फॉर्म का प्रभावी उपयोग किया, जबकि उत्तर प्रदेश की शालिनी कुशवाहा ने खेल और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया, जिससे स्कूल में दाखिलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

### तमिलनाडु के मंदिरों में मोबाइल हुआ बैन, युवाओं की 20फीसदी घटी संख्या

चेन्नई.। तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित देवराजस्वामी अथि वरदराज मंदिर में मोबाइल बैन के बाद सब बदला नजर आ रहा है। जहां पहले युवा सेल्फी लेते दिखते थे, अब ज्यादातर बुजुर्ग श्रद्धालु दिख रहे हैं। मोबाइल जमा करने वाले काउंटर पर पहले दिन लंबी लाइन थी, लेकिन अब वहां भी मिडिल एज और बुजुर्गों की संख्या ज्यादा है। इससे संकेत मिल रहा है कि कई युवा मंदिर आना कम कर रहे हैं। यह स्थिति सिर्फ वरदराज मंदिर की नहीं है। राज्य के कई बड़े मंदिरों में भी ऐसा ही असर दिख रहा है।

### पटना यूनिवर्सिटी गेट के पास बम धमाके से मची अफरातफरी

पटना.। पटना यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के पास शनिवार दोपहर अचानक हुए तेज धमाके से इलाके में अफरातफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक डबल डेकर पुल की ओर से अज्ञात लोगों ने यूनिवर्सिटी गेट की तरफ बम फेंका। धमाके की तेज आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगो में दहशत फैल गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

### दही हांडी- कान्हा की नटखट लीलाओं का जीवंत उत्सव

मुंबई । भाद्रपद मास की अष्टमी को भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के बाद, अगले ही दिन पूरे देश में दही हांडी का अनूठा उत्सव उमंग और उत्साह से मनाया जाता है। यह पर्व श्री कृष्ण की नटखट बाल लीलाओं, विशेषकर उनकी माखन चोरी की याद में आयोजित होता है। कभी केवल गुजरात और महाराष्ट्र तक सीमित रहा रोमांचक खेल, अब गोवा सहित पूरे भारत में एकता और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक बन चुका है, जहां गोपालों की टोलियां मानव श्रृंखला बनाकर आसमान छूती दही-माखन से भरी मटकी को तोड़ने की चुनौती स्वीकार करती हैं।

### बडगाम में छिपे हैं 2 आतंकी, सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों ने घेरा इलाका

जम्मू.। बडगाम के यूसमर्ग क्षेत्र में 2 आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी जिसके बाद मौके पर पहुंचकर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों में मुठभेड़ शुरू हो गई और दोनों ओर से गोलीबारी हुई। इसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को पूरी तरह से घेर लिया और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार यूसमर्ग क्षेत्र में 2 आतंकियों के छिपे होने की आशंका जताई जा रही है कि दोनों आतंकी पाकिस्तान से संबंधित हैं। फिलहाल सुरक्षाबल मौके पर मौजूद हैं और अलर्ट पर हैं।

## आयुष्मान भारत योजना में धांधली और अवैध वसूली पर प्रशासन का एक्शन

### -दो अस्पतालों पर एफआईआर, तीन निलंबित, 25 को पैनल से बाहर करने की कार्रवाई

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana

भोपाल, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संबद्ध निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर हो रही धांधली और अवैध वसूली के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। योजना के नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर दंडात्मक कार्रवाई की गई है। आयुष्मान भारत योजना के सीईओ ने स्पष्ट किया है कि मरीजों के अधिकारों से खिलवाड़ करने वाले अस्पतालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मरीजों की शिकायतों और औचक निरीक्षण के आधार पर कार्रवाई आयुष्मान भारत के सीईओ ने बताया कि विभाग को लगातार अनियमितताओं की सूचनाएं मिल रही थीं। कई मामलों में मरीजों और उनके परिजनों ने सीधे शिकायत दर्ज कराई कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद उनसे अवैध रूप से रुपए वसूले जा रहे हैं या फिर समुचित उपचार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। मरीजों की शिकायतों के अलावा विभाग द्वारा प्राप्त गोपनीय इनपुट और अधिकारियों के औचक निरीक्षण के दौरान कई अस्पतालों में भारी अनियमितताएं और फर्जीवाड़ा पकड़ा गया।सीईओ ने बताया कि जांच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर राजधानी के अस्पतालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए हैं। अब तक गंभीर गड़बड़ियों में लिप्त पाए गए दो निजी अस्पतालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है, जबकि तीन अस्पतालों के आयुष्मान पैनल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## सिक्किम में 40 ग्लेशियल झीलें जोखिम पर- बाढ़ की आशंका, निगरानी तेज



नई दिल्ली सिक्किम में ग्लेशियल झीलों से उत्पन्न संभावित खतरे को देखकर राज्य सरकार ने 40 झीलों को हाई-रिस्क श्रेणी में चिन्हित किया है। इसमें से 16 झीलों को सबसे अधिक खतरनाक यानी कैटेगरी-ए में रखा गया है, जिसमें शाको चो झील को सर्वाधिक संवेदनशील माना गया है। इन झीलों के फटने से निचले इलाकों में अचानक और तेज बाढ़ आने का गंभीर खतरा है, जिसके मद्देनजर सैटेलाइट तथा रिमोट सेंसिंग तकनीकों से लगातार निगरानी हो रही है। यह जानकारी 4 सितंबर को ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलएफओ) के खतरे पर आयोजित कार्यक्रम में साझा की गई। अधिकारियों के अनुसार, चिन्हित 40 झीलों में से 16 को कैटेगरी-ए (सबसे खतरनाक) में रखा गया है। इसके अलावा, दो झीलें कैटेगरी-बी और नौ कैटेगरी-सी में हैं, जहां खतरा मध्यम से कम है। शेष 13 झीलों की श्रेणी अभी तय नहीं की है। राज्य सरकार का मानना है कि हर झील की भौगोलिक स्थिति भिन्न होने के कारण, ल्होनक कॉम्प्लेक्स, शाको चो और गुरुडोंगमार कॉम्प्लेक्स जैसी महत्वपूर्ण झीलों के लिए विशेष जोखिम प्रबंधन योजनाएं तैयार हैं।

ग्लेशियरों के पिघलने से बने विशाल जलभराव को ग्लेशियल झील कहते हैं। जब यह झील किसी कारणवश अचानक टूटती है और भारी मात्रा में पानी तेजी से बाहर निकलता है, तब ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलएफओ) कहा जाता है।

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश जारी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट



### -एयरपोर्ट पर पानी भर जाने से उड़ानों का संचालन प्रभावित, यात्री हुए परेशान

नई दिल्ली,दिल्ली और एनसीआर में शनिवार को लगातार दूसरे दिन मूसलाधार बारिश का हो रही है। इससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ और भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पूरे दिल्ली-एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने शनिवार दिन भर गरज के साथ भारी बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग का कहना है कि रविवार को मौसम में सुधार होने की संभावना है और 8 सितंबर तक इस इलाके में मौसम सूखा रहेगा।

शुक्रवार को दिल्ली में भारी बारिश हुई, जिससे कई इलाकों में जलभराव हो गया और ट्रैफिक व्यवस्था बाधित हुई। दिल्ली और गुरुग्राम के कई हिस्सों में खासकर कनॉट प्लेस, लुटियंस दिल्ली, साइबर सिटी कमर्शियल हब, शंकर चौक और शीतला माता रोड जैसी प्रमुख जगहों पर ट्रैफिक जाम रहा। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पानी भर जाने से उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ, जिससे कई यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा कि भारी बारिश हुई, जिसके कारण अप्रोच रोड और फोरकोर्ट वाले इलाकों में पानी जमा हो गया। जमा पानी को कुछ समय में हटा दिया गया। खराब मौसम का असर उड़ानों के संचालन पर भी पड़ा, जिससे कुछ उड़ानें देरी से चलीं और कुछ को डायवर्ट करना पड़ा। बारिश के बाद दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक में भी सुधार हुआ। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को एक्यूआई 71

## पेंगिवन इंडिया की आनाकानी और बहानेबाजी के पीछे सत्ता का खौफ

### -सोनिया गांधी की किताब के प्रकाशन पर पूर्व सीएम गहलोत ने केंद्र पर साधा निशाना



जयपुर,(ईएमएस)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी के संस्मरण (मेमॉयर) बिलॉन्गिंग- ए जर्नी ऑफ लव के प्रकाशन को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने शुक्रवार को प्रकाशक पेंग्विन इंडिया के पीछे हटने को लेकर सीधे तौर पर केंद्र सरकार और पीएमओ को कठघरे में खड़ा किया। गहलोत ने दो टूक कहा कि प्रकाशक की आनाकानी और बहानेबाजी के पीछे सत्ता का खौफ है, लेकिन दुनिया की कोई भी ताकत इस सच को सामने आने से नहीं रोक सकती है। उन्होंने विश्वास जताया कि तय तारीख यानी 10 नवंबर 2026 को ही यह पुस्तक दुनिया के सामने आएगी। दुनिया में छप सकती है तो भारत में क्यों नहीं? पेंग्विन की खुली पोल अशोक गहलोत ने प्रकाशक की भूमिका और सरकारी हस्तक्षेप पर सवाल उठाते हुए कहा।

गहलोत ने कहा कि पेंग्विन की मूल अंतरराष्ट्रीय संस्था इस किताब को मूल स्वरूप में पूरे विश्व में प्रकाशित करने को तैयार है। जब दुनिया भर के पाठक इसे पढ़ सकते हैं, तो भारत के पाठकों से इसे क्यों छिपाया जा रहा है? इस विरोधाभास ने पेंग्विन इंडिया की पूरी पोल खोलकर रख दी है। पूर्व सीएम ने तर्क दिया कि पीएमओ और सरकार पर लगातार गंभीर आरोप लग रहे हैं कि ये पीएम मोदी, आरएसएस और चीन से जुड़े अंशों को हटाने का दबाव बना रहे थे। इसके बावजूद सरकार की ओर से एक शब्द का भी खंडन न आना यह साबित करता है कि मौन रहकर इन आरोपों को स्वीकार कर लिया गया है।

सोनिया गांधी की राजनीतिक विरासत का उल्लेख करते हुए गहलोत ने कहा कि वे कोई सामान्य हस्ती नहीं हैं। वे देश की नेता प्रतिपक्ष रही हैं और 22 सालों से ज्यादा समय तक कांग्रेस की अध्यक्ष रहकर उन्होंने भारतीय राजनीति को दिशा दी है। उनके लंबे सार्वजनिक जीवन और अनुभवों को सेंसर करने का प्रयास अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है। गहलोत ने खुलासा किया कि जैसे ही यह बात सार्वजनिक हुई कि पेंग्विन इंडिया ने पांडुलिपि छापने से हाथ पीछे खींच लिए हैं, देश-दुनिया के कई प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थानों ने इसे छापने के लिए हाथ आगे बढ़ा दिए हैं। गहलोत ने पूर्ण विश्वास जताया कि

## राष्ट्रीय रोजगार रिपोर्ट की पीपल एट वर्क 2026 रिपोर्ट में चौकाने वाले खुलासे

नई दिल्ली नौकरी का समय खत्म होने के बाद भी ईमेल, कॉल, मीटिंग और टारगेट का काम जारी रखना अब कई कर्मचारियों की रोजमर्रा की हकीकत बनता जा रहा है। राष्ट्रीय रोजगार रिपोर्ट (एडीपी) की पीपल एट वर्क 2026 रिपोर्ट भारत में काम के इसी बढ़ते दबाव की तस्वीर सामने रखती है। रिपोर्ट के मुताबिक करीब 24-25 प्रतिशत कर्मचारी हर सप्ताह 16 घंटे या उससे ज्यादा बिना अतिरिक्त वेतन के काम करते हैं, जबकि करीब 40 प्रतिशत कर्मचारी सप्ताह में 6 से 15 घंटे तक बिना भुगतान के अतिरिक्त काम करते हैं। यानी सवाल सिर्फ यह नहीं है कि कर्मचारी कितने घंटे काम कर रहे हैं, बल्कि यह भी है कि काम के बदले भुगतान और काम के वास्तविक घंटों के बीच कितना अंतर बढ़ रहा है। 62 प्रतिशत कर्मचारी हफ्ते में 5 घंटे तक बिना सैलरी के काम करते हैं, 26 प्रतिशत कर्मचारी 6 से 15 घंटे और 12 प्रतिशत कर्मचारी 16 घंटे या उससे ज्यादा बिना सैलरी के काम करते हैं।अतिरिक्त काम हमेशा औपचारिक ओवरटाइम के रूप में दर्ज नहीं होता।

## ब्रिक्स चीफ जस्टिस फोरम में आए ईरान के सीजेआई गुलाम हुसैन पहुंचे जामा मस्जिद

### -सुन्नी इमाम के पीछे नमाज पढ़ शिया-सुन्नी सद्भाव की मिसाल पेश की, खूब हो रही चर्चा



नई दिल्ली,। दिल्ली में इन दिनों दुनियाभर के 22 देशों के न्यायिक अधिकारी जुटे हैं। मौका है ब्रिक्स चीफ जस्टिस फोरम का, जिसकी मेजबानी भारत का सुप्रीम कोर्ट कर रहा है। इस मंच पर न्याय व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय विवादों के समाधान, तकनीकी और सामाजिक विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा हो रही है, लेकिन इन तमाम बैठकों के बीच शुक्रवार को दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में एक ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसकी खूब चर्चा हो रही है।

दरअसल ईरान के चीफ जस्टिस अयातुल्लाह गुलाम हुसैन मोहसिनी-एजेई जुमे की नमाज पढ़ने दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद पहुंचे। उन्होंने जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना सैयद शाबान बुखारी से मुलाकात की और नमाज में शामिल हुए। नमाज खत्म होने के बाद जामा मस्जिद में मौजूद नमाजियों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। हर कोई उनका इस्तकबाल कर रहा था और उनकी एक झलक अपने कैमरे में कैद कर रहा था। यह दृश्य इसलिए भी खास रहा, क्योंकि ईरान एक शिया बहुल देश है, जबकि दिल्ली की जामा मस्जिद सुन्नी इस्लामी परंपरा का प्रमुख धार्मिक केंद्र है। ऐसे में ईरान के शीर्ष न्यायिक अधिकारी का जामा मस्जिद पहुंचना, वहां के सुन्नी इमाम के पीछे नमाज पढ़ना शिया-सुन्नी सद्भाव की एक अलग तस्वीर के तौर पर देखा जा रहा है। मोहसिनी-एजेई ने जामा मस्जिद के इमाम मौलाना सैयद शाबान बुखारी से बातचीत में भारत और ईरान के पुराने रिश्तों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध केवल कूटनीति तक सीमित नहीं रहे हैं, बल्कि सदियों से संस्कृति, भाषा, साहित्य और धार्मिक संपर्कों तक फैले हुए हैं।

ईरानी न्यायपालिका के प्रमुख ने भारत में धार्मिक विद्वानों और अलग-अलग धार्मिक समुदायों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिका और इजराइल के खिलाफ जंग को लेकर दो टूक कहा कि ईरान ने कभी दबाव और जबरदस्ती के सामने सिर नहीं झुकाया और आगे भी नहीं झुकेगा। उन्होंने इतिहास से सीख लेकर वर्तमान और भविष्य को बेहतर बनाने की जरूरत पर जोर दिया। भारत और ईरान की प्राचीन सभ्यताओं और दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इतिहास के अहम मोड़ आगे होने वाले बदलाव की शुरुआत करते हैं।

## सिरोंज जनपद पंचायत के तत्कालीन सीईओ शोभित त्रिपाठी गिरफ्तार

### -ईडी ने महामारी में 30 करोड़ के विवाह सहायता घोटाले में की कार्रवाई

भोपाल,। ईडी ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान सार्वजनिक गतिविधियों पर प्रतिबंध के बावजूद निर्माण श्रमिकों की बेटियों के विवाह के लिए तय सरकारी धन फर्जी तरीके से वितरित करने के आरोप में मध्यप्रदेश की एक जनपद पंचायत के पूर्व सीईओ को धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। ईडी ने कहा कि विदिशा जिले की सिरोंज जनपद पंचायत के तत्कालीन सीईओ शोभित त्रिपाठी को 2 सितंबर को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने बताया कि त्रिपाठी को विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 9 सितंबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है।मध्यप्रदेश सरकार की विवाह सहायता योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की पात्र बेटियों के विवाह के लिए 51,000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। ईडी ने बताया कि त्रिपाठी ने 2019 से 2021 के बीच अपने कार्यकाल के दौरान कुछ अन्य लोगों के साथ मिलीभगत कर विवाह सहायता के संदिग्ध मामलों में 30.18 करोड़ रुपए की सरकारी राशि मंजूर कर वितरित की।

